कर श्याम को याद | by Aarti Sharma

कर श्याम को याद पता नहीं क्या देदे
ले श्याम का नाम पता नहीं क्या देदे
सुन लेंगे फरियाद पता नहीं क्या देदे
कर श्याम को याद ....

सबका प्यारा एक है श्याम कष्ट मिटाने आया रे
श्याम का दीवाना हो जा समय निकल ना जाये रे
भक्ति का प्रसाद बावरे पता नहीं क्या देदे
कर श्याम को याद ....

श्याम श्याम तू बोल बोल के श्याम नाम तू गाये जा
बिन मांगे ही इतना देदे किस्मत खुल तेरी जा रे जा
मान सभी अपराध पता नहीं क्या देदे
कर श्याम को याद ....

एक ही बाबा देने वाला लेने वाले सारे रे
सांस सांस में याद कीजिये ना तू नाम बिसारे रे
गुलशन हो आबाद पता नहीं क्या देदे
कर श्याम को याद ....

ऐसा बंधन जोड़ो शर्मा श्याम घर आ जाए रे
चूम चूम के श्याम शरण को मंज़िल ही पा जाए रे
कर देंगे उपकार पता नहीं क्या देदे
कर श्याम को याद ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%a6-by-aarti-sharma/